हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 22 जुलाई 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

**************************************************************

भारत ने अपनी ब्रिक्स 2026 अध्यक्षता के तहत कल चंडीगढ़ में पारंपरिक, पूरक और एकीकृत चिकित्सा -टीसीआईएम पर ब्रिक्स बैठक का  आयोजन किया। यह बैठक  चंडीगढ़ में  स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण केंद्रीय मंत्रालय और आयुष मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित ब्रिक्स हेल्थ ट्रैक कार्यक्रमों के व्यापक चार-दिवसीय समारोह का एक हिस्सा थी।

इस टीसीआईएम बैठक में बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत करने, ज्ञान और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और पारंपरिक, पूरक व एकीकृत चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए ब्रिक्स सदस्य देशों के वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, तकनीकी विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया।लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण के थीम के तहत आयोजित, इस बैठक ने साक्ष्य-आधारित पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को बढ़ावा देने, संस्थागत साझेदारियों को मजबूत करने और टिकाऊ व लचीली स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों में योगदान देने के लिए ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग को आगे बढ़ाने को लेकर चर्चा हुई।

आज दूसरे दिन  ब्रिक्स देशों के स्वास्थ्य मंत्रियों की  बैठक चंड़ीगढ़ में शुरू हो रही है।

**************************************************

केंद्र सरकार संसद में नीट और उससे जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तैयार है। नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सरकार के आश्वासन के बावजूद नीट मुद्दे पर चर्चा की अपनी पुरानी मांग से पीछे हट गए हैं। आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने अन्य सदस्यों के साथ मिलकर नीट मुद्दे पर चर्चा की मांग को लेकर लोक कल्याण मार्ग पर विरोध प्रदर्शन किया।

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह और केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने प्रदर्शनकारी कांग्रेस नेताओं से मुलाकात की। मुलाकात के बाद डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि सरकार ने इस मामले पर चर्चा की मांग मान ली है।

इस बीच, लोक कल्याण मार्ग के पास विरोध-प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी, समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव और विपक्षी दलों के अन्य सदस्यों को हिरासत में ले लिया है।

**************************************************

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कांग्रेस और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर नीट मुद्दे को लेकर छात्रों का राजनीतिक इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है।

धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस नेताओं ने प्रधानमंत्री आवास के बाहर प्रदर्शन कर जनता को परेशानी में डाला और सुरक्षा नियमों की अनदेखी की।

उन्होंने कहा कि सरकार नीट मामले पर संसद में विस्तृत चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन कांग्रेस ने लोकतांत्रिक चर्चा के बजाय प्रदर्शन का रास्ता चुना।

उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार छात्रों की हर वास्तविक चिंता पर चर्चा करने और समाधान निकालने के लिए प्रतिबद्ध है।

*****************************************************

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कांग्रेस सहित पूरे विपक्ष पर मर्यादा का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। श्री नवीन ने कहा कि सरकार सदन में नीट सहित सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है।

*****************************************************

वर्ष 2026-27 के दौरान किसानों को आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध कराने के लिए पलवल में आज कृषि यंत्रीकरण उप-मिशन-एसएमएएम योजना के तहत ऑनलाइन ड्रॉ निकाले गए।

कृषि विकास अधिकारी जय सिंह ने बताया कि योजना के तहत जिन किसानों ने 28 जनवरी से 16 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन किया था , उन्हें कृषि यंत्रों पर अनुदान की सुविधा प्रदान की गई है। अनुसूचित जाति तथा छोटे व मध्यम श्रेणी के किसानों को कृषि यंत्रों की खरीद पर 50 प्रतिशत तथा 5 एकड़ से अधिक भूमि वाले सामान्य श्रेणी के किसानों को 40 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। उन्होंने बताया कि निदेशालय द्वारा जिला पलवल को रोटावेटर के लिए 111 तथा लेजर लैंड लेवलर के लिए 231 का लक्ष्य दिया गया है।

*****************************************